देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंकः 271 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**हमें बदलाव लाने की जरूरत



# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 4 फरवरी 2022



मौसम अधिकतम 15.0° न्यूनतम 6.0° | 39243.39 | 2 बलूच विद्रोहियों का भीषण हमला | 7 मुंबई और पुणे में करवाना चाहते हैं आईपीएल

# गलवान पर गंदी राजनीति कर रहा चीन

## चीन में शीतकालीन ओलंपिक के उद्घाटन-समापन समारोह में शामिल नहीं होंगे भारत के राजदूत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत के विदेश मंत्रालय ने एलान किया है कि चीन स्थित उसके राजदूत बीजिंग में होने वाले शीतकालीन ओलंपिक के उद्घाटन और समापन समारोह का हिस्सा नहीं बनेंगे। दरअसल, चीन ने भारतीय सेना के साथ गलवां घाटी मुठभेड़ में शामिल रहे एक सैनिक को ओलंपिक टॉर्च का वाहक बनाया था। चीनी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने बुधवार को इसका खुलासा किया, जिसके बाद भारत ने ड्रैगन की इस हरकत पर नाराजगी जताई और शीतकालीन ओलंपिक के सांकेतिक राजनयिक बहिष्कार का एलान कर दिया।

पीएलए के गलवां घाटी के कमांडर को शीतकालीन ओलंपिक मशाल देकर चीन द्वारा सम्मानित किए जाने के बारे में पूछे जाने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, '' हमने इस मुद्दे पर रिपोर्ट देखी है । यह अफसोस की बात है कि चीन ने ओलंपिक जैसे आयोजन का राजनीतिकरण करना चुना।'' इस बीच प्रसार भारत की सीईओ शशि शेखर वेमपति ने ट्वीट में कहा है कि दूरदर्शन का स्पोर्ट्स चौनल डीडी स्पोर्ट्स भी बीजिंग में होने वाले शीतकालीन ओलंपिक के उद्घाटन और समापन समारोह का प्रसारण नहीं करेगा।

**गलवां घाटी मुठभेड़ में शहीद हुए थे भारत के 20 जवानः** गौरतलब है कि गलवान घाटी में 15 जून 2020 को संघर्ष में शामिल पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के रजिमेंट कमांडर को बीजिंग में शीतकालीन ओलंपिक के मशाल वाहक के रूप में चुना है। 15 जून 2020 को गलवान घाटी में संघर्ष के बाद पूर्वी लद्दाख में सीमा विवाद बढ़ गया था। इस संघर्ष में भारतीय सेना के 20 जवान शहीद हुए थे। पिछले वर्ष फरवरी में चीन ने आधिकारिक रूप से स्वीकार किया कि उसके पांच सैन्य अधिकारी एवं जवान शहीद हुए थे ।

**अरुणाचल से अगवा लड़के के टर्चर के मुद्दे को चीन के सामने उठायाः** उधर अरुणाचल से अगवा हुए किशोर के टॉर्चर के मुद्दे पर भी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि मामले को चीन के सामने उठाया है और जवाब मांगा है। गौरतलब है कि अरुणाचल प्रदेश की सीमा से चीनी सैनिकों ने एक लड़के को किडनैप कर लिया था। सेना की ओर से दबाव बनाए जाने के बाद चीन ने 27 जनवरी को किशोर को वाचा डमई के पास सौंप दिया था।

### यह शर्मनाक है

अमेरिकी सीनेटर जिम रिस्क ने कहा, यह शर्मनाक है कि बीजिंग ने ओलंपिक 2022 के लिए एक मशालची को चुना जो सैन्य कमान का हिस्सा है। उसने 2020 में भारत पर हमला किया और उइगरों के खिलाफ नरसंहार को लागू कर रहा है। अमेरिका उइगर स्वतंत्रता और भारत की संप्रभुता का समर्थन करना जारी रखेगा।



### फरवरी में होगी क्वाड के विदेश मंत्रियों की बैठक

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि क्वाड देशों के विदेश मंत्री इसी महीने के अंत में मेलबर्न में बैठक करेंगे। उन्होंने इस पर जल्द ही ताजा जानकारी मुहैया कराने की बात कही। इससे पहले क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक फरवरी 2021 में वर्चुअल तरीके से हुई थी। उधर इस्राइल से पेगासस की खरीद को लेकर पूछे गए एक सवाल पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित एक समिति कर रही है। हमारे पास इस पर कोई जानकारी नहीं है।

### चीन-पाक को घेरने के लिए बनेगी रणनीति

नई दिल्ली। भारतीय सेना के उत्तरी व पूर्वी सैन्य कमान को दो नए मुखिया मिल गए हैं। उत्तरी व पूर्वी कमान संभालते ही नये कमांडर इन चीफ ने सेना प्रमुख के साथ चीन और पाकिस्तान को घेरने के लिए रणनीति बनानी शुरु कर दी है। दरअसल, सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे, उत्तरी व पूर्वी सैन्य कमान के नये कमांडर इन चीफ के साथ पाकिस्तान और चीन की सीमा की स्थिति को लेकर बैठक कर रहे हैं। इसके अलावा हाल ही में उप-सेना प्रमुख का पदभार संभालने वाले लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे ने वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ के रूप में पहली बार इस बैठक में शिरकत की है।

## संक्षिप्त समाचार

### मेरी गाड़ी पर तीन-चार राउंड गोलियां चलाईंः ओवैसी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने चुनाव प्रचार के दौरान खुद पर हमला होने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि मैं किठौर, मेरठ में एक चुनावी कार्यक्रम के बाद दिल्ली जा रहा था। छिजारसी टोल प्लाजा के पास दो लोगों ने मेरी गाड़ी पर तीन-चार राउंड गोलियां चलाईंय वे कुल तीन-चार लोग थे। मेरी गाड़ी के टायर पंक्चर हो गए, मैं दूसरी गाड़ी में वहां से निकला।

### कांग्रेस ने तो चीन और पाकिस्तान को दे दिया देश का बड़ा हिस्सा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुरादाबाद। अमरोहा के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुरादाबाद पहुंचे। राजनाथ सिंह कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विदेश नीति वाले बयान पर हमलावर हुए। हमने तो एक टुकड़ा भी जाने नहीं दिया, जबकि पहले पीएम नेहरू ने देश का बड़ा हिस्सा चीन और पाकिस्तान के हवाले कर दिया।

# एक धर्म को दूसरे धर्म से लड़ाते हैं ये लोग

## राहुल गांधी ने फिर बोला भाजपा पर हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

रायपुर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज अमर जवान ज्योति की आधारशिला रखने छत्तीसगढ़ के रायपुर दौरे पर हैं। आधारशिला रखने से पहले राहुल ने एक कार्यक्रम में केंद्र की मोदी सरकार और भाजपा पर एक बार फिर से हमला बोला। राहुल ने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भारत में ये एक धर्म को दूसरे धर्म से लड़ाते हैं। भारत के बाहर की शक्तियां हमारी ओर देखकर कहती है कि भारत कमजोर हो रहा है। उन्होंने कहा कि चीन की सेना लद्दाख में इसलिए घुस पाई क्योंकि भाजपा और हमारे प्रधानमंत्री ने उनके घुसने के बाद देश से कहा कि कोई अंदर नहीं आया है।

बता दें कि राहुल ने रायपुर पहुंचकर सबसे पहले राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर योजना का उद्घाटन किया।



**दो भारत वाला बयान फिर दोहरायाः** राहुल गांधी ने संसद में भारत को बांटने के अपने बयान को एक बार फिर दोहराया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बीजेपी हमारे देश को 2 नए राष्ट्रों में बांट रही है- एक चुनिंदा अरबपतियों के साथ और दूसरा करोड़ों गरीबों के साथ। राहुल ने आगे कहा कि बीजेपी को लगता है कि भारत के गरीब डरे हुए हैं, लेकिन वे किसी से नहीं डरते। विकास किसी पार्टी का नहीं बल्कि गरीबों, किसानों का प्रयास है।

**भूमिहीन परिवारों को मिलेगी 6000 रु की वित्तीय सहायता** गौरतलब है कि राहुल छत्तीसगढ़ सरकार की राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर योजना का भी इस मौके पर उद्घाटन किया। इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ सरकार ग्रामीण भूमिहीन परिवारों को 6000 रुपये की वार्षिक वित्तीय सहायता देगी। योजना के लिए पंजीकरण पिछले साल सितंबर में शुरू किया गया था।

# माफिया को खत्म करने का है वक्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

गाजियाबाद। यूपी चुनाव को लेकर अमित शाह गाजियाबाद के लोनी में पहुंचे। यहां पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मेरे जिगर के टुकड़े जैसे युवा मित्रों मैं पहली बार लोनी में आया हूं। चाहे तैमूर के सामने, चाहे मुगलों से लड़ना हो, इस भूमि के लोगों ने वीरता से सामना किया। आज लोनी वाले और पश्चिम यूपी के जितने लोग सुन रहे हैं सुन लें। ये चुनाव विधायक या मंत्री बनाने का चुनाव नहीं, माफियाओं को चुन चुन कर खत्म करने का चुनाव है।

**प्रदेश को विकसित बनाने का चुनाव हैः** प्रदेश को सबसे विकसित बनाने और 15 करोड़ गरीबों के जीवन में उजियारा लाने का चुनाव है। मैं आज राम प्यारी गुजरी को याद करने आया हूं, उनके नेतृत्व में तैमूर को भागना पड़ा था। लोनी के वीर गुर्जरों ने तैमूर को हराया। ये भूमि सम्राट मिहिर भोज की भूमि है। इसे प्रणाम करता हूं। मैं लोकसभा और पूर्व विधानसभा चुनाव में आया था, हर बार यहां से भाजपा की झोली भरी है। हमने कहा था कि 2017 में पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी तो उत्तर प्रदेश से माफियाओं के नामों निशान खत्म कर देंगे। अब आप बताओ आजम खां कहां है, अतीक एहमद कहां हैं, मुख्तार अंसारी कहां हैं?

नामांकन पर ही अखिलेश के गुंडों ने तांडव किया है। लेकिन, गुंडों सतर्क हो जाओ अभी भाजपा की सरकार है। पिछले 5 साल में गुंडों को चुन चुनकर बाहर निकालने का काम किया है। आज बस 3 जगह माफिया हैं, जेल में , यूपी से बाहर और सपा के प्रत्याशियों की लिस्ट में।

**किसानों का भुगतान जल्द किया** वो आएंगे जाति के नाम पर, क्षेत्र के नाम पर लेकिन हमने पीएम मोदी के नेतृत्व में सबका साथ सबका विकास का काम किया है। हमने किसानों का ऋण माफ किया।

### निशाना

■अमित शाह ने सपा-बसपा पर साधा निशाना

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# कोरोना के नए मामलों में गिरावट पर लगा ब्रेक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना के मामलों में कुछ दिन से जारी गिरावट आज थम गई है। कोरोना के नए मामलों में आज बढ़ोतरी देखने को मिली है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि कोरोना संक्रमण के गुरुवार को 1,72,433 नए मामले सामने आए हैं। बुधवार के मुकाबले कोरोना के नए मामलों में आज 6.8 फीसद का इजाफा हुआ है। कल कोरोना के 1,61,386 नए मामले सामने आए थे।

**एक्टिव केस घटे, डेली पाजिटिविटी रेट बढ़ाः** देश में एक्टिव केस घटकर 15,33,921 हो गए हैं। हालांकि, डेली पाजिटिविटी रेट में इजाफा हुआ है। डेली पाजिटिविटी रेट बढ़कर 10.99: पहुंच गया है। देश में कोरोना से अब तक कुल 3,97,70,414 लोग ठीक हो चुके हैं। वहीं, 4,98,983 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

**लगातार तीसरे दिन एक हजार से ज्यादा लोगों की मौतः** कोरोना के कारण लोगों की मौत चिंता का विषय बनी हुई है। लगातार तीसरे दिन एक हजार से ज्यादा मरीजों की मौत हुई है।

### भारत में कोरोना के 1,72,433 नए केस, 1008 लोगों की मौत